**आकाशवाणी श्री विजयपुरम**

दिनांक : 24.04.2026 समय : 0705

<><><><><><><>

1. राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के अवसर पर आज नई दिल्ली में पंचायत उन्नति सूचकांक रिपोर्ट और पुस्तकों का विमोचन किया जाएगा।
2. वार्ड पार्षद वसंता श्री विजयपुरम नगरपालिका परिषद की नई अध्यक्ष घोषित।
3. दक्षिण अंडमान जिला प्रशासन की ओर से विशेष राजस्व शिविर अदालतों का आयोजन किया जा रहा है।
4. विश्व पुस्तक एवं कॉपीराइट दिवस के उपलक्ष्य में राज्य पुस्तकालय में चल रहे पुस्तक प्रदर्शनी का कल समापन होगा।

<><><><><><><>

पंचायती राज मंत्रालय आज नई दिल्ली में राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस मना रहा है। मंत्रालय ने बताया कि राष्ट्रीय कार्यक्रम के तहत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का एक संदेश समारोह में पढ़ा जाएगा। मंत्रालय ने बताया कि इस अवसर पर पंचायत उन्नति सूचकांक पर एक रिपोर्ट और मेरी पंचायत, मेरा धरोहर विषय पर तीन पुस्तकों का विमोचन किया जाएगा। यह दिवस ऐतिहासिक 73वें संविधान संशोधन अधिनियम के प्रभावी होने के स्मरण में मनाया जाता है। इस अधिनियम ने देश में पंचायती राज संस्थानों को संवैधानिक दर्जा और कानूनी मान्यता प्रदान की।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रविवार को सुबह 11 बजे आकाशवाणी के मन की बात कार्यक्रम में लोगों से अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम का 133वां एपिसोड होगा। कार्यक्रम का प्रसारण आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क पर किया जाएगा। इसका सीधा प्रसारण एआईआर न्यूज़, डीडी न्यूज़, प्रधानमंत्री कार्यालय और सूचना तथा प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी होगा। आकाशवाणी के द्वारा क्षेत्रीय भाषाओं में भी इसका प्रसारण किया जाएगा।

<><><><><><><>

श्री विजयपुरम नगरपालिका परिषद के अध्यक्ष पद के लिए पांचवें वर्ष के कार्यकाल हेतु चुनाव कल श्री विजयपुरम नगरपालिका परिषद के सम्मेलन कक्ष में आयोजित किया गया। इस चुनाव प्रक्रिया की अध्यक्षता दक्षिण अंडमान जिला उपायुक्त पूर्वा गर्ग, ने की। प्रावधानों के तहत, वार्ड नं. 12 की पार्षद वसंथा को एक वर्ष की अवधि के लिए श्री विजयपुरम नगरपालिका परिषद का अध्यक्ष घोषित किया गया। निर्वाचित अध्यक्ष पद के लिए शपथ ग्रहण समारोह आज शाम 5 बजे नगरपालिका परिषद के सम्मेलन कक्ष में आयोजित किया जाएगा।

<><><><><><><>

विज्ञान केंद्र में 'अंतरिक्ष संचार के व्यावहारिक परिप्रेक्ष्य' पर आयोजित तीन दिवसीय कार्यशाला का समापन हो गया। डेसिबल– एन एकेडमी फॉर एप्लाइड स्पेस कम्युनिकेशन, बैंगलोर के सहयोग से आयोजित इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य उपग्रह संचार और रियल–टाइम ट्रैकिंग तकनीकों में उभरती अवधारणाओं का व्यावहारिक अनुभव प्रदान करना था। कार्यशाला के समापन अवसर पर वरिष्ठ वैज्ञानिक और प्रबंधक देबदास पाइक मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। उन्होंने प्रतिभागियों

को प्रमाण पत्र वितरित किए। उन्होंने अपने संबोधन में इसरो के विशेषज्ञों के सहयोग से इस तरह के व्यावहारिक उन्मुख कार्यक्रम आयोजित करने के लिए विज्ञान केंद्र के पहल की प्रशंसा की। यू.आर. राव सैटेलाइट सेंटर, बैंगलोर के इसरो सिमुलेशन इंजीनियर बी.ए. सुब्रमणि ने उपग्रह ट्रैकिंग पर प्रतिभागियों को विस्तृत जानकारी देते हुए वास्तविक समय में उपग्रहों और अंतरिक्ष वस्तुओं की निगरानी करने और उनकी तस्वीरें लेने के लिए सरल, लागत प्रभावी एंटेना बनाने के बारे में भी बताया।

<><><><><><>

उद्योग विभाग, स्टार्टअप, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम, उद्यमियों और स्वरोज़गार करने वाले युवाओं को कंपनी अधिनियम और कंपनी मामलों पर जागरूकता कार्याशाला आयोजित करने जा रहा है। ये कार्यशाला आज उद्योग निदेशालय, के सभागार में सुबह 9 बजे से शुरू होगी। इस कार्यशाला का उद्देश्य Startup India और Make in India के अनुरूप व्यवसायों को औपचारिक बनाना, निवेश के लिए तैयार करना और रोज़गार पैदा करना है।

<><><><><><>

दक्षिण अंडमान जिला प्रशासन की ओर से विशेष राजस्व शिविर अदालतों का आयोजन किया जा रहा है। शिविर के दौरान, बड़ी संख्या में आवेदनों पर विचार कर उनका निपटारा किया जा रहा है। सुनवाई के दौरान कई आवेदक अपने दावों के संबंध में पर्याप्त और सहायक दस्तावेजों के बिना उपस्थित हुए। इसे देखते हुए सभी आवेदक जिनके राजस्व अभिलेखों में नाम सुधार से संबंधित, मामले लंबित हैं उनसे अपने अधिकारों और दावों की पुष्टि करने वाले सभी मूल सहायक दस्तावेजों के साथ निर्धारित तिथियों पर शिविर में उपस्थित होने को कहा गया है। शिविर आज के अलावा 29 और 30 अप्रैल सुबह 9 बजे से लगेगी। इनमें बिक्री विलेख, उपहार विलेख, पारिवारिक दस्तावेज, पुराने मैनुअल भूमि रिकॉर्ड, परिवार सदस्य प्रमाण पत्र, स्कूल प्रमाण पत्र, जैसे दस्तावेज शामिल है।

<><><><><><>

विश्व पुस्तक एवं कॉपीराइट दिवस के अवसर पर कल मिडिल प्वाइंट स्थित राज्य पुस्तकालय में पुस्तक प्रदर्शनी का उद्‌घाटन किया गया। कल तक चलने वाले इस कार्यक्रम में शिक्षा विभाग की ओर से लगाए गए पुस्तक प्रदर्शनी में लगभग 702 पुस्तकें प्रदर्शित की गई हैं। इनमें उपन्यास, बाल साहित्य, व्यक्तित्व विकास, प्रतियोगी परीक्षा मार्गदर्शिकाएँ, जीवनियाँ, पाक कला, पौराणिक कथाएं, फंतासी, विज्ञान कथाएँ और अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह के इतिहास पर आधारित पुस्तकें शामिल हैं। प्रदर्शनी का उद्‌घाटन मुख्य अतिथि नोडल अधिकारी अर्चना सिंह, ने किया। उन्होंने पढ़ने की आदत विकसित करने के महत्व पर प्रकाश डालते हुए पुस्तकालयों की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया। यह पुस्तक प्रदर्शनी सुबह 9 बजे से शाम 7 बजे तक जनता के लिए खुली रहेगी।

<><><><><><>

आईसीडीएस परियोजना फरारगंज के अंतर्गत 8वें पोषण पखवाड़ा का कल समापन हो गया। इस अवसर पर पोषण वॉक का आयोजन किया गया, जिसे क्षेत्र के तहसीलदार गोपा कुमार ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस वर्ष का विषय 'जीवन के पहले 6 वर्षों में मस्तिष्क विकास को अधिकतम करना' था, जो प्रारंभिक बचपन की देखभाल और पोषण की महत्वपूर्ण भूमिका पर केंद्रित था। अभियान के दौरान माता–शिशु पोषण, मस्तिष्क विकास के लिए प्रारंभिक प्रोत्साहन, शुरुआती

वर्षों में खेल–आधारित शिक्षा, स्क्रीन टाइम कम करना और आंगनवाड़ियों के लिए सामुदायिक समर्थन जुटाना जैसे पांच प्रमुख उप–विषयों पर ध्यान केन्द्रित किया गया।

<><><><><><><>

उधर, आईसीडीएस शहरी परियोजना की ओर से आयोजित 8वें पोषण पखवाड़े का समापन समारोह जंगलीघाट नगरपालिका परिसर में आयोजित किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी जरीना बीबी, पार्षद रवि चंद्रन, राज, सीडीपीओ उमा देवी, होप फाउंडेशन के प्रतिनिधि, मुख्य सेविकाएँ, एएनएम, पोषण कर्मचारी, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और आम जनता उपस्थित थे। समारोह के दौरान, आईसीडीएस शहरी परियोजना और होप फाउंडेशन द्वारा विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए गए।

<><><><><><><>

**समाचार पत्रों की सुर्खियां**

ज्ञान भारतम मिशन के तहत द्वीपसमूह में पांडुलिपियों और अभिलेखीय धरोहर की पहचान और दस्तावेजीकरण और डिजिटलीकरण के लिए केन्द्रशासित प्रदेश स्तरी पहल के समाचार को **द डेली टेलीग्राम्स** ने अपना हेडलाइन बनाया है। इसके अलावा 15 मई से सीबीएसई 10वीं की दूसरी परीक्षा आयोजित करने के समाचार को भी प्रमुखता से प्रकाशित किया है। **द्वीप समाचार** ने अंतरिक्ष संचार पर तीन दिवसीय कार्यशाला के समापन को प्रथम पृष्ठ में सचित्र प्रकाशित किया है। **द अंडमान एक्सप्रेस अंग्रेजी** ने श्री विजयपुरम नगरपालिका परिषद के पांचवें वर्ष के कार्यकाल के लिए श्रीमती वसंता को अध्यक्ष के रूप में चुने जाने के समाचार को सचित्र छापा है। **इंफो इंडिया** ने डिगलीपुर पंचायती राज संस्थाओं के इंजीनियरिंग प्रभाग को बहाल करने के अपील के समाचार को अपनी हेडलाइन बनाई है, जबकि **द इको ऑफ इंडिया** ने हेल्थ 4 यू और स्वास्थ्य निदेशालय के सहयोग से विशेषज्ञ चिकित्सा शिविर आयोजित करने के समाचार को अपने अखबार में जगह दी है।

<><><><><><><>